All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

छापेमारी मे नकली नमक कारोबारियों पर बृजमनगंज पुलिस ने दर्ज किया केस

महराजगंज/बृजमनगंज।जनपद महराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज मे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की मदद से टाटा कंपनी के जांच अधिकारी द्वारा तीन दुनकानदारो पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई।इस घटना से क्षेत्र के दुनकानदारो मे हडकंप मच गया।जांच अधिकारी द्वारा नकली टाटा नमक के बोरियों को जब्त कर सील कर बृजमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। दिये गए तहरीर के अनुसार दिल्ली निवासी रिशू मिश्रा ने बताया कि टाटा से संबंधित उत्पाद मार्केटिंग व चेकिग के लिए अधिकृत हूँ
मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे बृजमनगंज पुलिस कांस्टेबल
देवेन्द्र सिंह पीयूष कुमार व पुलिस बल के सहयोग से निम्न दुकानो पर जाँच की गई। (1) दुकान का नाम विष्णु किराना स्टोर प्रो0 का नाम विष्णु देव S/o श्री राम कुशुन पता धानी बाजार थाना
बृजमनगंज महराजगंज प्राप्त नकली टाटा साल्ट 1 kg के 6 पीस (2) दुकान का नाम बिरेन्द्र
किराना स्टोर प्रो0 का नाम ब्रिजेश S/o श्री पारस नाथ पता बंग्ला चौराहा थाना बृजमनगंज
महराजगंज प्राप्त नकली टाटा साल्ट 1 kg के 19 पीस (3) दुकान का नाम धीरेन्द्र किराना
स्टोर प्रो० का नाम धीरेन्द्र S/o स्व0 राम दास प्रसाद पता बृजमनगंज बाजार वाड न0 5
थाना बृजमनगंज महराजगंज प्राप्त नकली टाटा साल्ट 1 kg के 204 पीस (4) दुकान का
नाम रुप नारायण किराना स्टोर प्रो० का नाम रुप नारायण जयसवाल S/o स्व0 राम शंकर
जायसवाल पता बृजमनगंज बाजार थाना बृजमनगंज महराजगंज प्राप्त नकली टाटा साल्ट 1kg के 3 पीस इन सभी दुकानो 1,1 पीस 1 kg का नकली साल्ट जिसपर ट्रास्पैरेन्ट कोडिग अंकित नही है व 4 पीस 1 Kg का ओरिजिनल टाटा साल्ट जिसपर ट्रान्स पैरेन्ट कोडिग
अंकित है सील सर्व मोहर व नमूना मोहर बनाकर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को सुपुर्द किया गया ।

Source:
https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=206353&state=Maharajganj,%20Uttar%20Pradesh%20(UP)&title=%E0%A4%9B%E0%A4%BE%E0%A4%AA%E0%A5%87%E0